शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्र./पा.पु/रा.शि.के./2020 853 भोपाल, दिनांक 03-07-2020

प्रति,

जिला कलेक्टर
समस्त जिले (म.प्र.)

विषय –कक्षा 1 से 8 हेतु "हमारा घर–हमारा विद्यालय" के रूप में शिक्षा सत्र 2020–21
संदर्भ– कोविड–19 की स्थिति के परिप्रेक्ष्य में।

अवगत हो कि बच्चों के सीखने की प्रकिया learning continnum के रूप में सतत् चलने वाली प्रकिया है परन्तु कोविड 19 के कारण उत्पन्न हुई परिस्थितियों से शाला संचालित नहीं हो पा रही है। सीखने की प्रकिया से उत्पन्न हुए अवरोध के कारण प्रगट हो रहे लर्निंग लॉस को दृष्टिगत रखते हुए नवीन शिक्षा सत्र 2020–21 में दिनांक 6.07.2020 से 'हमारा घर हमारा विद्यालय कार्यक्रम' प्रारम्भ किया जा रहा है। इस कार्यक्रम अंतर्गत शाला बंद होने के उपरांत भी प्रतिदिन एवं नियमित अध्ययन हेतु घर में ही शाला जैसा वातावरण निर्मित कर शैक्षिक गतिविधियाँ संचालित हो सकेंगी। साथ ही विद्यार्थी अपने घर के वातावरण, परिवेश, परिवार के बड़े–बूढ़ों, शाला/कालेज में अध्ययनरत भाई–बहन के सहयोग से घर पर ही रहकर पढ़ाई कर सकेंगें।हमारा घर हमारा विद्यालय कार्यक्रम की संरचना इस प्रकार है :–

| कमांक | गतिविधि | समय |
|---|---|---|
| 1. | अकादमिक | यथा संभव प्रातः 10 से 1 बजे तक |
| 2. | खेल, कला एवं मनोरंजन | शाम 4:00 से 5:00 |
| 3. | कहानी सुनना एवं कहानी रचना | रात्रि 7:00 से 8:00 |
| 4. | मस्ती की पाठशाला/रेडियो बालसभा | प्रत्येक शनिवार 4:00 से 5:00 |

नियमित शाला/कक्षागत प्रक्रिया में विद्यार्थी देखकर, सुनकर, बोलकर, लिखकर एवं अभ्यास कर सीखता है । कक्षा 1 से 8 हेतु 'हमारा घर हमारा विद्यालय कार्यक्रम' भी इसी अवधारणा पर निर्मित किया गया है जिसमें बच्चे के पास सीखने के स्त्रोत के रूप में उपलब्ध रेडियो, टीवी, मोबाईल, पाठ्यपुस्तक एवं दक्षता उन्नयन की अभ्यास पुस्तिका के आधार पर साप्ताहिक लर्निंग पैकेज (learning package) तैयार किए गए है।

"हमारा घर–हमारा विद्यालय" के कार्यक्रम की रुपरेखा

| क्र. | पैडागॉजिकल सीखने की प्रक्रिया | गतिविधि | आयोजन का समय |
|---|---|---|---|
| 1 | देखना | जॉयफुल लर्निंग/स्कूल रेडिनेस/DigiLEP के वीडियो को वॉट्सएप के माध्यम से देखना। | सुबह 10:00 से 11:00 |
| 2 | सुनना एवं बोलना | रेडियो कार्यक्रम सुनना एवं परिवार के सदस्यों के साथ चर्चा करना। | सुबह 11:00 से 12:00 |
| 3 | लिखना | दक्षता उन्नयन की वर्कबुक पर लेखन कार्य करना। एक पृष्ठ हिन्दी, एक पृष्ठ अंग्रेजी का लिखना, मौखिक गणित (गिनती, पहाड़े आदि) | दोपहर 12:00 से 1:00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | खेल, कला एवं मनोरंजन | • खेल शिक्षा<br>शारीरिक संतुलन एवं फिटनेस, गतिशील कौशल, लय बद्ध कौशल, मनोरंजक खेल।<br>• कला शिक्षा<br>दृश्यकला, हस्तकला, प्रदर्शनकला।<br>• स्वास्थ्य पोषण शिक्षा<br>मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग, ध्यान का अभ्यास, शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भोजन, व्यायाम का महत्व। | शाम 4:00 से 5:00<br>(सोमवार, मंगलवार<br>(बुधवार, गुरूवार)<br>(शुक्रवार) |
| 5 | मस्ती की पाठशाला/रेडियो बालसभा | वॉट्सएप नंबर पर बच्चे पूरे सप्ताह की गतिविधियों के आधार पर 1 से 2 मिनिट का ऑडियो रिकार्डिंग अथवा वीडियो तैयार करके भेजेंगे, जिसका प्रसारण रेडियो/टीवी के माध्यम से शनिवार को सभी बच्चों को सुनने, देखने के लिए किया जाएगा। | शनिवार 4:00 से 5:00 |
| 6 | कहानी सुनना एवं कहानी रचना | घर में अपने बड़ों से कहानी सुनना, उस पर चर्चा करना एवं नई कहानी स्वयं लिखना। | रात्रि 7:00 से 8:00 |

➢ **दैनिक गतिविधियां :–**

"हमारा घर हमारा विद्यालय" का शुभारम्भ प्रतिदिन घण्टी/थाली बजाकर प्रातः 10:00 बजे विद्यार्थियों, परिवार के सदस्यों द्वारा अपने घर में किया जा सकता है। इसी प्रकार दोपहर 1:00 बजे घण्टी/थाली बजाकर अवकाश किया जा सकता है, इससे बच्चों के लिए घर में ही विद्यालय का वातावरण निर्मित होगा और बच्चे घर में अपने बड़ों के मार्गदर्शन में सीखने के लिए प्रेरित हो सकेंगे।

➢ **परिवार के सदस्य–**

1. **शिक्षा का स्थान/कोना**–निर्धारित समय पर बच्चों का घर में लिखने–पढ़ने के लिए एक स्थान नियत करेंगे और निर्धारित विषय का कार्य करने हेतु प्रेरित करेंगे।
2. बच्चों को आवश्यक स्टेशनरी सुबह 10 से दोपहर 1 बजे की गतिविधि अनुसार यथासंभव पेंसिल, कापी, स्केच पेन, कलर पेंसिल, पुराने पेपर आदि उपलब्ध कराएंगे।
3. बच्चे पूरे सप्ताह की गतिविधियों के आधार पर 1 से 2 मिनिट का ऑडियो रिकार्डिंग अथवा वीडियो तैयार करके अपने शाला ग्रुप पर भेजेंगे, जिसमें पालक उनकी मदद करेंगे।

➢ **शिक्षक –**

1. प्रतिदिन अपने विद्यालय के कम से कम 05 विद्यार्थियों से मोबाइल के माध्यम से चर्चा करना तथा रिकार्ड संधारित करना।
2. प्रतिदिन विद्यालय समय में गॉव/शहर के एक मोहल्ले में 05 बच्चों के घर जाकर सम्पर्क अभियान के रूप में "हमारा घर हमारा विद्यालय" के कार्य का अवलोकन एवं आकलन करेंगे तथा फीडबैक देंगे।
3. बच्चों से उनकी समस्याएँ पूंछेंगे तथा उनका समाधान करेंगे।
4. इस अवधारणा में उल्लेखित समयानुसार गतिविधियों का अवलोकन एवं आकलन करना होगा तथा अपना फीडबैक डायरी में प्रस्तुत करना होगा। इसी के साथ शिक्षक बच्चों से गृह कार्य जैसे– दक्षता उन्नयन वर्कबुक अभ्यास, बच्चों के लेखन की जाँच करेंगे, मौखिक गणित पर चर्चा करेंगे एवं उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

➢ **प्रधानाध्यापक –**

1. प्रतिदिन अपने विद्यालय के शिक्षकों से चर्चा कर उनसे "हमारा घर, हमारा विद्यालय" अभियान के क्रियान्वयन की जानकारी लेंगे।

2. प्रतिदिन कम से कम 05 अभिभावकों से चर्चा कर उन्हें "हमारा घर, हमारा विद्यालय" अभियान के बारे में अवगत कराए तथा बच्चों को उसके अनुसार पढ़ाई करवाने हेतु प्रेरित करेंगें।
3. पाँच विद्यार्थियों के घर जाकर शिक्षकों को आवंटित उपरोक्त कार्य सम्पादित करेंगे एवं रिकार्ड रखेंगे।

➢ मूल्यांकन–

1. अकादमिक सत्र 2019–20 में आयोजित एण्डलाइन टेस्ट की कक्षावार एवं छात्रवार जानकारी का उपयोग इस सत्र में भी किया जाये – गत वर्ष विद्यार्थियों का *अंकुर तरूण एवं उमंग* समूहों में वर्गीकरण किया गया था, उक्त वर्गीकरण के आधार पर जिन बच्चों के पास फोन उपलब्ध नहीं है परन्तु वह अंकुर अथवा तरूण समूह में आते हैं गृह सम्पर्क हेतु ऐसे बच्चों को प्राथमिकता दी जाये।
2. "हमारा **घर हमारा विद्यालय" अंतर्गत शिक्षण** कार्य के **मूल्यांकन में शिक्षक की भूमिका**
   - एण्डहलाईन टेस्ट 2019–20 को बेसलाइन मानकर कक्षा के बच्चों को अंकुर, तरूण एवं उमंग समूह में चिन्हित करना।
   - समूह के आधार पर कक्षा के बच्चों का साप्ताहिक कार्यक्रम अनुसार सीखने का मूल्यांकन करना।

| अंकुर समूह के लिए | तरुण व उमंग समूह के बच्चों के वे पालक जिनके पास मोबाईल उपलब्ध है | तरुण व उमंग समूह के बच्चों के वे पालक जिनके पास मोबाईल उपलब्ध नहीं है |
|---|---|---|
| घर पर व्यक्तिशः संपर्क करके<br>○ बच्चे व पालक से कार्यक्रम की गतिविधियों पर चर्चा कर कार्यक्रम के विषय में जागरूक करना।<br>○ बच्चों द्वारा लिखी कहानी पर बच्चे से प्रश्न करना।<br>○ डिजिलेप सामग्री की विषयवस्तु पर प्रश्न करना।<br>○ डिजिलेप सामग्री की विषयवस्तु को अपने मोबाइल पर दिखाना एवं विषयवस्तु पर आधारित प्रश्न पूछना एवं हल करने के लिए देना तथा जाँच करना।<br>○ बच्चे द्वारा किए विभिन्न लेखन कार्य की जांच एवं त्रुटि सुधार करना।<br>○ दक्षता उन्नयन वर्कबुक अभ्यास कार्य की जांच एवं त्रुटि सुधार कार्य।<br>○ हिन्दी एवं अंग्रेजी के लेखन कार्य की जांच एवं त्रुटि सुधार कार्य।<br>○ बच्चों द्वारा लिखी कहानी पर बच्चे से प्रश्न करना। | फोन पर संपर्क करके<br>○ डिजिलेप सामग्री की विषयवस्तु पर आधारित प्रश्न पूछना एवं हल करने के लिए देना तथा व्हाट्स एप्प के माध्यम से जाँच करना।<br>○ दक्षता उन्नयन वर्कबुक अभ्यास कार्य की जांच।<br>○ हिन्दी एवं अंग्रेजी के लेखन कार्य की व्हाट्सएप पर जांच एवं फीडबैक।<br>○ बच्चों द्वारा लिखी कहानी पर बच्चे से प्रश्न करना।<br>○ बच्चों के पालकों से बातचीत/चर्चा करनाः– मौखिक गणित (गिनती–पहाड़े), कविता, कहानी लिखने एवं सुनाने हेतु बच्चों को प्रेरित व प्रोत्साहित करना। | घर पर व्यक्तिशः संपर्क करके<br>○ बच्चे व पालक से कार्यक्रम की गतिविधियों पर चर्चा कर कार्यक्रम के विषय में जागरूक करना।<br>○ बच्चों द्वारा लिखी कहानी पर बच्चे से प्रश्न करना।<br>○ डिजिलेप सामग्री की विषयवस्तु को अपने मोबाइल पर दिखाना एवं विषयवस्तु पर आधारित प्रश्न पूछना एवं हल करने के लिए देना तथा जाँच करना।<br>○ बच्चे द्वारा किए विभिन्न लेखन कार्य की जांच एवं त्रुटि सुधार कार्य।<br>○ दक्षता उन्नयन वर्कबुक अभ्यास कार्य की जांच एवं त्रुटि सुधार कार्य।<br>○ हिन्दी एवं अंग्रेजी के लेखन कार्य की जांच एवं त्रुटि सुधार कार्य।<br>○ बच्चों द्वारा लिखी कहानी पर बच्चे से प्रश्न करना।<br>○ बच्चों के पालकों से बातचीत/चर्चा करनाः– मौखिक गणित (गिनती–पहाड़े), कविता, कहानी लिखने एवं सुनाने हेतु बच्चों को प्रेरित व प्रोत्साहित करना। |

उपरोक्त शिक्षण सत्र 2020–21 को 6 जुलाई से सभी विद्यार्थियों के लिए उनके घरों को ही विद्यालय के रूप में आरम्भ करते हुए किया जाना है जिसके लिए समस्त ब्लॉक प्रभारियों, जनपद शिक्षा केन्द्रो तथा शिक्षकों को आवश्यक निर्देश प्रसारित करें एवं समस्त गतिविधियों का सुसंचालन सुनिश्चित कराऐं। समय–समय पर शिक्षकों से फीडबैक, फोटोग्राफ्स एवं बच्चों की शैक्षणिक सीखने की प्रक्रिया को वीडियों के रूप में वॉट्सएप नम्बर पर उपलब्ध कराऐं।

(लोकेश कुमार जाटव)
आयुक्त
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

पृ.कमांक / क्वा. / 20 / क्यू–1 / 854
दिनांक

भोपाल, 03-07-2020

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, म0प्र0 शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की ओर सूचनार्थ ।
2. प्रमुख सचिव, म0प्र0 शासन, आदिवासी विकास विभाग की ओर सूचनार्थ
3. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय म0प्र0 भोपाल ।
4. आयुक्त आदिवासी विकास विभाग म0प्र0 भोपाल
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जिला समस्त म0प्र0 की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग समस्त म0प्र0 की ओर पालनार्थ।
7. जिला शिक्षा अधिकारी जिला समस्त म0प्र0 की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ ।
8. सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, समस्त जिला म0प्र0 की ओर पालनार्थ।
9. जिला परियोजना समन्वयक जिला समस्त म0प्र0 – इस पत्र की प्रति समस्त संकुल समन्वयक / जन शिक्षा प्रभारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
10. पोर्टल पर अपलोड करने हेतु ।

आयुक्त
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल